आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 25.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर केसरिया धर्म ध्वजा फहराई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में धर्म ध्वजा को भारतीय सभ्यता के पुनर्जागण का प्रतीक बताया।

000

कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि ध्वजारोहण समारोह करोड़ों लोगों की आस्था को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री आज हरियाणा के कुरुक्षेत्र में गुरु तेग बहादुर जी के साढे तीन सौवें शहीदी दिवस समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर वे विशेष सिक्का और स्मारक टिकट भी जारी करेंगे। प्रधानमंत्री देश के सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक ब्रह्म सरोवर में दर्शन और पूजा भी करेंगे।

000

देश कल संविधान दिवस मनाएगा। इस साल की थीम ''हमारा संविधान–हमारा स्वाभिमान'' रखी गई है। इस अवसर पर मुख्य समारोह नई दिल्ली में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला सहित कई केंद्रीय मंत्री और सांसद इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में संवैधानिक मूल्यों के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दोहराया जाएगा। इसके साथ ही संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को याद किया जाएगा।

इधर, प्रदेश में संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज जयपुर में एक निजी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। **संविधान को जानें** विषय पर हो रहे इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की विशेषताओं के बारे में बताया जा रहा है।

000

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस है। दुनियाभर में महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा को रोकने और लैंगिक समानता तथा महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए ये दिन मनाया जाता है। महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण के लिए कई पहल की जा रही हैं। इसके लिए समाजिक सोच में बदलाव लाने की भी महति ज़रूरत है, जिससे महिला अधिकारों और समानता का हनन नहीं किया जा सके।

000

कोटपूतली–बहरोड़ जिले के शाहपुरा उपजिला अस्पताल को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में बेहतर सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने उपजिला अस्पताल पीएमओ डॉ. विनोद योगी को जयपुर में सम्मानित किया। इस योजना के तहत प्रसव पूर्व देखभाल में गर्भवती महिलाओं की जांच सहित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

000

प्रदेश में शेखावाटी अंचल और आस–पास के जिलों में रात का पारा 6 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे कम साढे 6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर में रहा। चूरू और नागौर में रात का पारा 6 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उत्तर–पश्चिमी हवाओं के असर और धुंध से कई स्थानों पर ठिठुरन बढ़ गई है। इस बीच, 27 नवम्बर से सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ से राज्य में मौसम का मिजाज़ बदल सकता है। इसके असर से उदयपुर, जोधपुर और अजमेर संभाग के कुछ हिस्सों में बादल छा सकते हैं और कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

000

उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत स्वास्थ्यकर्मी आज तीसरे दिन घर–घर जाकर बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिला रहे हैं। अभियान में पांच साल तक के बच्चों को पोलियो खुराक दी जाती है। प्रदेश में करीब 1 करोड़ 8 लाख बच्चों को पोलियो प्रतिरक्षा दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 नवम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 28 नवम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

000